Regarding stoppage of 14801/14802 Indore-Jodhpur Express at Hamirgarh, Rajasthan

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया **(भीलवाड़ा):** सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र की एक ट्रेन के संबंध में आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। कोरोना काल के समय काफी ट्रेनें बंद हुई थीं और कोरोना खत्म होने के बाद ट्रेनें वापस शुरू तो हो गईं, लेकिन जहां उनके स्टॉपेज पहले थे, वे शुरू नहीं हुए। मेरा आग्रह विशेष रूप से 14801 ट्रेन के बारे में है, जो जोधपुर से इंदौर चलती है। वह सरेडी पर रुकती थी, हमीरगढ़ पर रुकती थी, मांडल पर रुकती थी। यह ट्रेन कोरोना काल के बाद शुरू होने के बाद भी इन स्टेशनों पर आज तक नहीं रुकती है। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि इन स्टॉपेज को जल्दी से जल्दी वापस शुरू किया जाए। माननीय रेल मंत्री जी भी सदन में विराजमान हैं। मुझे आशा है कि वे जरूर इसका संज्ञान लेंगे।